संख्या-39 /2017/163/69-1-2017-33(अ0सं0-37)/2016

प्रेषक,

एच0पी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।

लखनऊ : दिनांक 27 फरवरी, 2017

विषय: वित्तीय वर्ष 2016-17 में "शहरी क्षेत्रों की अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में इण्टरलाकिंग, नाली निर्माण एवं अन्य सामान्य सुविधाओं की स्थापना योजना" के कार्यान्वयन हेतु अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत द्वितीय/अंतिम किश्त की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-5065/76/एक/एबीएमबीवीवाई/2016-17, दिनांक 25 जनवरी, 2017 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "शहरी क्षेत्रों की अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में इण्टरलाकिंग, नाली निर्माण व अन्य सामान्य सुविधाओं की स्थापना" योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत जनपद-जौनपुर की न0पा0प0 जौनपुर, शाहगंज व मुगराबादशाहपुर तथा न0पं0, बदलापुर व मडियाहूँ की विभिन्न अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य से सम्बन्धित अलग-अलग कुल 44 परियोजनाओं हेतु शासनादेश संख्या-540/2016/1676/69-1-16-33(अ0स0-37)/2016, दिनांक 09 अगस्त, 2016 द्वारा रू0 470.39 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित उक्त के सापेक्ष परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात रू0 235.195 लाख की धनराशि प्रथम किश्त के रूप में जारी की गयी थी। अतएव चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में योजनान्तर्गत प्राविधानित बजट से उक्त परियोजनाओं के कार्यों को पूर्ण करने हेतु संलग्न तालिका के स्तम्भ-6 में अंकित द्वितीय/अंतिम किश्त की धनराशि रू0 235.195 लाख (रूपये दो करोड़ पैंतीस लाख उन्नीस हजार पांच सौ मात्र) की निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1. उक्त धनराशि प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों विषयक शासनादेश संख्या-32/69-1-13-14(31)2012टीसी, दिनांक 16 जनवरी, 2013 में दिये गये दिशा-निर्देश/व्यवस्था का पूर्णरूपेण अनुपालन करते हुए की जायेगी।
2. प्रश्नगत परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
3. उक्त धनराशि शासन द्वारा इस योजना के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों/योजना के प्रतिबन्धों के अनुसार उपर्युक्तानुसार निहित मद में व्यय की जायेगी एवं स्वीकृत परियोजनान्तर्गत कार्य की विशिष्टियों, मानक व गुणवत्ता आदि को सुनिश्चित करते हुए कार्य क्रमशः इस प्रकार प्रकार कराये जायेंगे कि वे उपलब्ध धनराशि से ही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाये तथा उनका लाभ सम्बन्धित स्थानीय निवासियों को मिल सके।

-2/

http://shasanadesh.up.nic.in

4. उक्त धनराशि यथासमय सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) द्वारा प्रश्नगत परियोजना को जिलास्तरीय शासी निकाय से अनुमोदित कराने के उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

5. उक्त धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी प्रकार का व्यावर्तन अनुमन्य नहीं होगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।

6. स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक/डाकघर/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न कर आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।

7. उक्त प्रायोजना की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व कार्यदायी संस्था/सम्बन्धित डूडा का होगा।

8. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

9. उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व सूडा द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि प्रश्नगत परियोजनाओं के आगणनों का गठन वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 04.04.2008 के अनुरूप है तथा उसमें कार्य विशेष की लागत सीमा को कम करने के उद्देश्य से अथवा प्रायोजना के स्कोप को कम करके अथवा प्राविधानों को कम करके लागत आंकलित नहीं की गई है।

10. उक्त धनराशि यथासमय सम्बन्धित डूडा इकाई (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उक्त परियोजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है, जिससे कि शासकीय धन का दुरूपयोग न होने पाये, अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत धनराशि तत्काल राजकोष में जमा कराकर शासन को सूचित किया जायेगा।

11. प्रश्नगत परियोजना से सम्बन्धित कार्यों की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो, यह सूडा/डूडा द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

12. उक्त धनराशि का आहरण निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा विशेष सचिव/सचिव/प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0 प्र0 शासन के प्रतिहस्ताक्षरोपरान्त किया जायेगा।

13. प्रत्येक आहरण की सूचना महालेखाकार (राजकोष), महालेखाकार (लेखा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को आदेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, बाउचर संख्या, तिथि तथा लेखाशीर्षक की सूचना एक वर्ष के भीतर अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।

14. इस धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में अवश्य करा लिया जाये और इसके बाद उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद अनुपयोगित धनराशि, यदि कोई हो, तो एकमुश्त शासन को वापस करनी होगी।

15. सेन्टेज चार्जेज (अधिष्ठान व्यय) की धनराशि वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75 दिनांक 25.01.2011 में जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के क्रम में सुसंगत लेखा शीर्षक में जमा किया जायेगा।

16. स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष उतनी ही धनराशि आहरित की जायेगी, जितनी 31 मार्च, 2017 तक व्यय हो सके।

-3/

2. उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-37 में योजनान्तर्गत प्रस्तावित बजट में उपलब्ध धनराशि से लेखाशीर्षक "2217-शहरी विकास-आयोजनागत-04-गन्दी बस्तियों का विकास-051-निर्माण-03-मलिन बस्तियों तथा अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में सी0सी0 रोड/इण्टरलाकिंग तथा नाली आदि का निर्माण-35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान" के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22.03.2016 व समय-समय पर जारी आदेशों के तहत किये जा रहे हैं।

<u>संलग्नक: यथोक्त।</u>

भवदीय,

(एच0पी0 सिंह)

विशेष सचिव।

<u>संख्या-38 /2017/163(1)/69-1-2017 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0, 20 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, छठवां तल, संगम प्लेस, सिविल लाइन, इलाहाबाद।
3. सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, जौनपुर।
5. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (ई-8) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7. नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8. वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
9. सहायक वेब मास्टर, सूडा की विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।
10. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सहायक/बजट समन्वयक।

आज्ञा से,

(अखिलानन्द ब्रह्मचारी)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या- 39 /2017/163/69-1-2017-33(अ0सं0-37)/2016 दिनांक 27 फरवरी, 2017 का संलग्नक।

(धनराशि लाख रूपये में)

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | निकाय/ न0पं0 का नाम | बस्ती/वार्ड का नाम/कार्य का विवरण | परियोजना की कुल लागत | द्वितीय/अंतिम किश्त के रूप में स्वीकृत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | जौनपुर | न0पा0प0 जौनपुर | वार्ड नं0-17 बेगमगंज के मो0 समोपुर में जे0एम0के0 रोड से शहाबुद्दीन, शेरू, अरसद के मकान होते हुए सरफराज के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 21.30 | 10.65 |
| 2. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-17 बेगमगंज के मो0 मैनीपुर में स्व0 रामआसरे के मकान से प्रकाश मौर्या के मकान होते हुए राजेश मौर्या के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 10.96 | 5.48 |
| 3. | तदैव | तदैव | बेगमगंज के मो0 मैनीपुर में आलोक मौर्या के घर से शिव मंदिर होते हुए यदुनाथ मौया के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 13.94 | 6.97 |
| 4. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-17 के मो0 बूढऊ बाबा इण्टरलाकिंग मार्ग पर समीर के मकान से दिलशाद के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 2.96 | 1.48 |
| 5. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-25 के मो0 जहाँगीराबाद में मस्जिद के सामने आजाद के मकान के पीछे से इम्तियाज के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 3.39 | 1.695 |
| 6. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-20 के मो0 अबीरगढ टोला में स्लाटर हाउस पुलिया से पूर्व सभासद राजकुमार के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 31.46 | 15.73 |
| 7. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-26 के मुल्ला टोला मुफ्ती मोहल्ला में हाजी मुमताज मंसूरी के मकान से तौफीक के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 8.80 | 4.40 |
| 8. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-26 के मुल्ला टोला मुफ्ती मोहल्ला में मतलूब हसन के मकान से जे0डी0 इलेक्ट्रानिक्स के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 29.76 | 14.88 |
| 9. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-26 के मुल्ला टोला मुफ्ती मोहल्ला में मकान से जे0डी0 इलेक्ट्रानिक्स के मोहल्ला बाजार भुआ में डा0 हेमचन्द्र की दुकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 29.78 | 14.89 |
| 10. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0 26 के मुफ्ती मो0 में मोहम्मद खलिद के मकान से मास्टर रिजवान के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 25.72 | 12.86 |
| 11. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-26 के मुफ्ती मो0 में मोंजुद्दीन के मकान से मो0 खालिद के मकान होते हुये दयाराम के मकान तक | 12.19 | 6.095 |

—2/

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | | |
| 12. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-28 के मो0 मखदूम शाह अढ़न में मोहम्मद हलवाई की दुकान से कल्लू के इमामबाडे होते हुये स्लाटर हाउस नाले पर पुलिया तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 25.10 | 12.55 |
| 13. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-26 के मुफ्ती मो0 में बाद्रू केवट के मकान से मो0 फारूक के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 23.71 | 11.855 |
| 14. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-26 के मुफ्ती मो0 में नन्हे के मकान से शालू के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 10.59 | 5.295 |
| 15. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-23 के पानदरीबा के बाजार भुआ मोहल्ले में नस्तर के मकान से राजू सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 4.62 | 2.31 |
| 16. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-23 के पानदरीबा के मोहल्ला बाजार भुआ में उमेश गुप्ता के मकान से नन्हे कुरैशी की दुकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 4.68 | 2.34 |
| 17. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-30 के पानदरीबा के अनमोल कालोनी में स्व0 सैय्यद महमूद हसन के घर के सामने से हसन अब्बास के मकान होते हुये कैसर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 14.51 | 7.255 |
| 18. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-29 मो0 कटघरा तारापुर में भूपेन्द के मकान से बगल वाली गली में इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 1.52 | 0.76 |
| 19. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-29 के मो0 कटघरा तारापुर में युनूस के मकान से नूर मस्जिद तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 7.01 | 3.505 |
| 20. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-29 मो0 कटघरा तारापुर में गुप्ता जी के मकान से कासिम के मकान होते हुये सुनीता के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 6.10 | 3.05 |
| 21. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-29 के मो0 कटघरा तारापुर में फूलचन्द के मकान से महेन्द्र प्रताप के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 11.02 | 5.51 |
| 22. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-29 के मो0 कटघरा तारापुर में दीपक के मकान से विक्की के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 2.59 | 1.295 |
| 23. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-29 मो0 कटघरा तारापुर में जितेन्दर के मकान से अनीस के मकान एवं अजय के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 7.21 | 3.605 |
| 24. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-29 मो0 कटघरा तारापुर में तारापुर कालोनी में मुख्य सड़क से बाबाजी जीतला शाह मजार तक | 6.18 | 3.09 |

-3/

http://shasnadesh.up.nic.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | | |
| 25. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-23 पानदरीबा में अज्जू मौर्या के मकान से प्रदीप के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 2.68 | 1.34 |
| 26. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-23 पानदरीबा में अरूण मौर्या सभासद के मकान से लक्ष्मी मौर्या के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 6.96 | 3.48 |
| 27. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-23 पानदरीबा में मेवालाल मौर्या के मकान से मन्दिर तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 5.50 | 2.75 |
| 28. | जौनपुर | न0पा0प0 शाहगंज | वार्ड नं0-05 मो0 भादी में रिजवी के घर से मस्जिद तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 1.35 | 0.675 |
| 29. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-05 मो0 भादी में पीर साहब के घर से विदेश राजभर के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 9.02 | 4.51 |
| 30. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-25 के मो0 ऐरिकाना नौनहटा वार्ड में रईस के मकान से बाकुची सम्पर्क मार्ग तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 3.93 | 1.965 |
| 31. | तदैव | तदैव | वार्ड नं0-25 के मो0 ऐरिकाना पक्का पोखरा में अशोक हलवाई के मकान से मदन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 9.27 | 4.635 |
| 32. | जौनपुर | न0पा0प0 मुगरा बादशाहपुर | वार्ड नं0-25 के मो0 लतहरिया में इस्लाम के मकान से जाहिद अली के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 4.04 | 2.02 |
| 33. | जौनपुर | न0पं0 बदलापुर | मो0 पुरानी बाजार में सलाउद्दीन के मकान से पुल्लर जमीन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 11.97 | 5.985 |
| 34. | तदैव | तदैव | मो0 पुरानी बाजार में बृजेश के मकान से प्राइमरी पाठशाला होते हुये उमाशंकर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 17.25 | 8.625 |
| 35. | तदैव | तदैव | मो0 पुरानी बाजार में सिराजुद्दीन के मकान के पास चौक से राम सागर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 11.60 | 5.80 |
| 36. | तदैव | तदैव | मो0 पुरानी बाजार में अब्दुल कयुम के मकान से राम आसरे के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 3.51 | 1.755 |
| 37. | तदैव | तदैव | मो0 पुरानी बाजार में मो0 युसूफ की मशीन से मदरसा होते हुये युसूफ के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 18.61 | 9.305 |
| 38. | तदैव | तदैव | मो0 पुरानी बाजार में मुख्य मार्ग से मैनुद्दीन हाशमी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 3.59 | 1.795 |

-4/

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 39. | तदैव | तदैव | मो0 पुरानी बाजार में मुख्य मार्ग पर स्थित हारून के मकान से कब्रिस्तान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 15.35 | 7.675 |
| 40. | तदैव | तदैव | मो0 पुरानी बाजार में इलियास अंसारी के मकान से दरगाही के मकान होते हुये सिराजुद्दीन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 3.62 | 1.81 |
| 41. | जौनपुर | न0पं0 मड़ियाहूँ | वार्ड नं0-2 के मो0 नवापुर मिर्दहा में जुल्लू के घर से मस्जिद होते हुये सिराज के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 5.87 | 2.935 |
| 42. | तदैव | तदैव | मो0 नवापुरा में इकबाल के मकान से मुन्ना के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 2.60 | 1.30 |
| 43. | तदैव | तदैव | मो0 नवापुरा में इलियास के मकान से स्व0 मन्नू के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 1.95 | 0.975 |
| 44. | तदैव | तदैव | मो0 नवापुरा में राज नारायण के घर से रेलवे लाईन तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 16.62 | 8.31 |
| योग | | | | 470.39 | 235.195 |

**(रूपये दो करोड़ पैंतीस लाख उन्नीस हजार पांच सौ मात्र)।**

(अखिलानन्द ब्रह्मचारी)
अनु सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in